Civil Services (Main)
Examination, 2026

**KVMS–P–PSG**

# मनोविज्ञान (प्रश्न-पत्र–I)

निर्धारित समय : तीन घण्टे

अधिकतम अंक : 250

## प्रश्न-पत्र संबंधी विशेष अनुदेश

(उत्तर देने के पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़िए)

इसमें **आठ** प्रश्न हैं, जो दो खण्डों में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपे हुए हैं।

परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू॰ सी॰ ए॰) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

प्रश्नों की शब्द-सीमा, जहाँ उल्लिखित है, को माना जाना चाहिए तथा यदि उत्तर की शब्द-सीमा मान्य सीमा से ज्यादा अधिक अथवा ज्यादा कम हो, तो अंकों में कटौती की जा सकती है।

प्रश्नों के प्रयासों की गणना क्रमानुसार की जाएगी। आंशिक रूप से दिए गए प्रश्नों के उत्तर को भी मान्यता दी जाएगी यदि उसे काटा न गया हो। प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए।

---

# PSYCHOLOGY (PAPER–I)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 250

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

(Please read each of the following instructions carefully before attempting questions)

There are EIGHT questions divided in two Sections and printed both in HINDI and in ENGLISH.

Candidate has to attempt FIVE questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, THREE are to be attempted choosing at least ONE question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to and if answered in much longer or shorter than the prescribed length, marks may be deducted.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

## खण्ड—A / SECTION—A

**1.** निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग *150* शब्दों में दीजिए :

Answer the following questions in about *150* words each : 10×5=50

*(a)* युद्ध और शांति के संदर्भ में मनोविज्ञान के विभिन्न अनुप्रयोगों पर चर्चा कीजिए।

Discuss various applications of psychology with reference to war and peace.

*(b)* प्रसवपूर्व विकास में पर्यावरणीय कारकों की भूमिका पर चर्चा कीजिए।

Discuss the role of environmental factors in prenatal development.

*(c)* वर्णनात्मक, मूल्यांकनात्मक, निदानात्मक तथा पूर्वानुमानात्मक अनुसंधान के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए।

Differentiate among descriptive, evaluative, diagnostic and prognostic research.

*(d)* ''नकारात्मक प्रबलन और दंड भिन्न हैं।'' प्रासंगिक उदाहरणों द्वारा अपने दृष्टिकोण को उचित सिद्ध कीजिए।

"Negative reinforcement and punishment are different." Justify your point of view with relevant examples.

*(e)* अल्पकालिक स्मृति (short-term memory) की व्याख्या करने में 'लीकी बकेट' तथा 'क्रियाशील स्मृति (working memory)' दृष्टिकोण किस प्रकार भिन्न हैं?

How do the 'leaky bucket' and 'working memory' approaches differ in their explanation of the short-term memory?

**2.** *(a)* प्रत्यक्षीकरण में अधोशीर्ष (top-down) प्रक्रम तथा उर्ध्वगामी (bottom-up) प्रक्रम का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए। हम दैनिक जीवन में दोनों प्रक्रमों का संयुक्त उपयोग कैसे कर सकते हैं? अपने उत्तर का समर्थन उपयुक्त उदाहरणों द्वारा कीजिए।

Critically examine the top-down and bottom-up processing in perception. How can we make the combined use of both the processing in everyday life? Support your answer with appropriate examples. 20

*(b)* सामाजिक विज्ञान के अन्य विषयों की तुलना में क्या मनोविज्ञान को एक अधिक वैज्ञानिक विषय बनाता है? अपने उत्तर को उदाहरणों और साक्ष्यों के साथ स्पष्ट कीजिए।

What makes psychology a more scientific discipline in comparison to other disciplines of social sciences? Elucidate your answer with examples and evidences. 15

*(c)* प्रतिचयन अभिनति (sampling bias) अनुसंधान परिणामों की सटीकता को किस प्रकार प्रभावित कर सकती है? अर्थपूर्ण अनुसंधान निष्कर्ष उत्पन्न करने में डेटा विश्लेषण तथा व्याख्या की भूमिका पर चर्चा कीजिए।

In what ways can sampling bias affect the accuracy of research outcomes? Discuss the role of data analysis and interpretation in generating meaningful research findings. 15

**3.** *(a)* दीर्घकालिक स्मृति के विभिन्न प्रकारों पर चर्चा कीजिए। समझाइए कि प्राथमिकता (primacy) तथा अभिनवता (recency) प्रभाव कैसे क्रमिक स्थिति (serial position) प्रभाव को दर्शाते हैं, जब जानकारी को अल्पकालिक स्मृति से दीर्घकालिक स्मृति में स्थानांतरित किया जाता है।

Discuss various types of long-term memory. Explain how primacy and recency effect illustrate the serial position effect in transferring information from short-term memory to long-term memory. 20

(b) ''ग्राउंडेड थ्योरी विश्लेषण का उद्देश्य डेटा से सीधे आगमनात्मक सिद्धांत विकसित करना है।'' ग्राउंडेड थ्योरी दृष्टिकोण में अनुसृत विश्लेषणात्मक प्रक्रियाओं के संदर्भ में इस कथन की विस्तृत व्याख्या कीजिए।

"The aim of grounded theory analysis is to develop inductive theory which is closely derived from the data." Elaborate upon the statement with respect to the analytic procedures followed in the grounded theory approach. 15

(c) आप किन शोध स्थितियों में सरल रैखिक प्रतिगमन (simple linear regression) के बजाय बहु प्रतिगमन (multiple regression) का चयन करेंगे? बहु प्रतिगमन की मान्यताओं को उदाहरणों द्वारा समझाइए।

Under what research conditions would you choose multiple regression over simple linear regression? Explain the assumptions of multiple regression with the help of examples. 15

**4.** (a) प्राचीन अनुबंधन (classical conditioning) में अधिगम की प्रक्रिया को समझाइए। अनुकूलित व्यवहार के अधिग्रहण में प्रतिवर्ती व्यवहार तथा आकस्मिकता की भूमिका पर चर्चा कीजिए।

Explain how learning takes place through classical conditioning. Discuss the role of reflexive behaviour and contingency in the acquisition of conditioned behaviour. 20

(b) 'इनूअटेंशनल ब्लाइन्डनेस' से आप क्या समझते हैं? अवचेतन उद्दीपक (subliminal stimulus) हमारे व्यवहार को कैसे प्रभावित कर सकता है?

What do you understand by 'inattentional blindness'? How can subliminal stimulus affect our behaviour? 15

(c) पियाजे के संज्ञानात्मक विकास के चरणों के अनुसार विकासात्मक पड़ावों पर प्रकाश डालिए।

Highlight the developmental milestones as per the Piaget's stages of cognitive development. 15

## खण्ड—B / SECTION—B

**5.** निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग *150* शब्दों में दीजिए :

Answer the following questions in about *150* words each : 10×5=50

(a) ज्ञान, निगमनात्मक तर्क को कैसे प्रभावित करता है? उपयुक्त उदाहरण दीजिए।

How does knowledge influence deductive reasoning? Give suitable examples.

(b) संवेग और संज्ञान के बीच के संबंध को समझाइए। जाँच कीजिए कि भावनाएँ हमारे विचारों को कैसे आकार देती हैं।

Explain the relationship between emotion and cognition. Examine how feelings shape our thoughts.

(c) पूर्वाग्रह और भेदभाव के निर्माण में कारणात्मक गुणारोपण की भूमिका का परीक्षण कीजिए।

Examine the role of causal attribution in the formation of prejudice and discrimination.

(d) क्रांतिक अवधि परिकल्पना (critical period hypothesis) जैविक प्रवृत्ति के विचार का समर्थन कैसे करती है?

How does the critical period hypothesis support the idea of biological predisposition?

(e) क्या हमारे सपने अचेतन इच्छाओं की पूर्ति का प्रतिनिधित्व करते हैं? सपनों के अर्थ तथा कार्यों पर चर्चा कीजिए।

Do our dreams represent unconscious wish fulfillment? Discuss the meaning and functions of dreams.

**6.** (a) रक्षा युक्ति से आप क्या समझते हैं? स्वस्थ और अस्वस्थ रक्षा युक्तियों के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए। समझाइए कि यह किसी व्यक्ति के व्यक्तित्व को कैसे प्रभावित करती है।

What do you mean by defense mechanism? Distinguish between healthy and unhealthy defense mechanisms. Explain how it influences personality of an individual. 20

(b) लोग निर्णय लेते समय किस प्रकार की ह्यूरिस्टिक्स का उपयोग करते हैं? समूह निर्णय लेने में त्रुटियों और पूर्वाग्रहों पर भी चर्चा कीजिए।

What kind of heuristics is used by the people while making decisions? Also, discuss the errors and biases in group decision making. 15

(c) क्रिस्टलित बुद्धि, तरल बुद्धि से किस प्रकार भिन्न है? उम्र बढ़ने तथा स्मृति से उनके संबंध पर चर्चा कीजिए।

How is crystallized intelligence different from fluid intelligence? Discuss their relation to ageing and memory. 15

**7.** (a) मानव व्यवहार के विकास के संदर्भ में अभिवृत्तियों और मूल्यों की प्रकृति और कार्यों की चर्चा कीजिए। अभिवृत्तियों में बदलाव और विकास के लिए प्रासंगिक रणनीतियों का सुझाव दीजिए।

Discuss the nature and functions of attitudes and values with reference to development of human behaviour. Suggest relevant strategies for attitude change and development. 20

(b) 'प्रेरणात्मक चक्र' से आप क्या समझते हैं? मनोवैज्ञानिक और शरीर-क्रियात्मक आधार के संदर्भ में प्रेरणा का विश्लेषण करते हुए उत्तर दीजिए।

What do you mean by 'motivational cycle'? Analyze and answer with reference to psychological and physiological basis of motivation. 15

(c) भाषा की सतही तथा गहरी संरचना के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए। भाषा के पदानुक्रम का वर्णन कीजिए।

Differentiate between surface and deep structure of language. Describe the hierarchy of language. 15

**8.** (a) क्यों लोग लगभग हर संस्कृति में मनोसक्रिय औषधियों का उपयोग करते हैं? विभिन्न उत्तेजक और अवसादक दवाओं के केंद्रीय तंत्रिका तंत्र पर पड़ने वाले प्रभावों की चर्चा कीजिए।

Why do the people in almost every culture use psychoactive drugs? Discuss the effects of various stimulants and depressants on central nervous system. 20

(b) व्यक्तित्व के प्रक्षेपी परीक्षणों (projective tests) और मनोमितीय परीक्षणों के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए, तथा उनके लाभ और हानियों का भी उल्लेख कीजिए।

Distinguish between projective tests and psychometric tests of personality along with their advantages and disadvantages. 15

(c) क्या आइ० क्यू० मानसिक मंदता का पूर्वानुमान लगा सकता है? स्टैनफोर्ड-बिनेट द्वारा दिए गए आइ० क्यू० स्कोर के आधार पर मानसिक मंदता के वर्गीकरण की व्याख्या कीजिए।

Does IQ predict mental retardation? Explain the classification of mental retardation with regard to IQ scores given by Stanford-Binet. 15

★ ★ ★